# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

# एम .ए. हिन्दी उत्तरार्द्ध परीक्षा

# **एमएएचडी-**07 भाषा विज्ञान

**अवधि 3 घंटे** **अधिकतम अंक 80**

निर्देश : प्रश्न पत्र खण्ड अ, ब और स में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघूत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघूत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

प्रश्न बैंक

**खंड - ब (लघु उत्तरात्मक)**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में लिखिए.**

1. 'यादृच्छिकता' किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
2. 'अभिरचना की द्वैतता' पर टिप्पणी लिखिए.
3. मानव और मानवेतर भाषा के बीच निहित भेदों को स्पष्ट कीजिए.
4. 'सृजनात्मकता' किसे कहते हैं?
5. संप्रेषण में वक्ता-श्रोता की दोहरी भूमिका को रेखांकित कीजिए?
6. 'बहुघटकता' या 'विच्छिन्नता' से क्या तात्पर्य है?
7. अनुकरण सिद्धांत की विश्वसनीयता पर प्रकाश डालिए.
8. प्रतिभा सिद्धांत की मौलिक न्यूनताओं को रेखांकित कीजिए.
9. प्रतीक सिद्धांत की व्याख्या कीजिए.
10. संकेत विज्ञान की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए.
11. भाषा विकास में समन्वय सिद्धांत का क्या महत्व है?
12. श्रम सिद्धांत की क्या मान्यता है?
13. समास' किसे कहते हैं? कर्मवाच्य और बहुब्रीहि समास को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए
14. संधि किसे कहते हैं? हिंदी की संधियों का सोदाहरण विवेचन कीजिए.

15. हिंदी की वाक्य रचना पर प्रकाश डालिए.

16. भाषिक संरचना में मुहावरें, लोकोक्तियों एवं सूक्तियों का क्या महत्व है?

17. वाक्य के आवश्यक तत्वों पर प्रकाश डालिए.

18. अनुवाद किसे कहते हैं? अच्छे अनुवाद की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

19. भाषाविज्ञान किसे कहते हैं?

20. व्यतिरेकी पद्धति पर प्रकाश डालिए.

21. भाषाविज्ञान कला है अथवा विज्ञान. तर्कसंगत व्याख्या कीजिए.

22. अर्थ विज्ञान किसे कहते हैं?

23. ‘फिलॉलाजी’ और ‘लिंग्विस्टिक्स’ का अंतर स्पष्ट कीजिए.

24. तुलनात्मक भाषाविज्ञान पद्धति किस प्रकार उपयोगी है?

25. ‘भाषाद्वीप’ किसे कहते हैं?

26. भाषाविज्ञान और समाजभाषाविज्ञान के बीच निहित संबंध को स्पष्ट कीजिए.

27. भाषाविज्ञान तथा व्याकरण के बीच निहित संबंध को रेखांकित कीजिए.

28. भाषाविज्ञान और मनोविज्ञान किस प्रकार एक-दूसरे से संबद्ध है? प्रकाश डालिए.

29. भाषाविज्ञान तथा साहित्य की बीच निहित अंतर का विवेचन कीजिए.

30. भाषाविज्ञान से दर्शनशास्त्र का क्या संबंध है? स्पष्ट कीजिए.

31. ‘निघंटु’ किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए.

32. प्रातिशाख्य किसे कहते हैं?

33. ‘महाभाष्य’ की रचना के पीछे निहित कारणों को स्पष्ट कीजिए.

34. आधुनिक भाषावैज्ञानिक अध्ययन में ‘ग्रियर्सन’ की भूमिका को रेखंकित कीजिए.

35. भाषावैज्ञानिक अध्ययन में ब्राह्मण और आरण्यक ग्रंथों का क्या महत्व है?

36. भारतीय दृष्टि से भाषावैज्ञानिक अध्ययन में ऐन्द्र संप्रदाय का क्या महत्व है?

37. विश्व के भाषा परिवार के वर्गीकरण को आरेख के माध्यम से स्पष्ट कीजिए.

38. 'टेक्स्टोनॉमिक व्याकरण' से क्या आशय है? स्पष्ट कीजिए.

39. नॉम चॉम्स्की के भाषा सिद्धांत पर प्रकाश डालिए.

40. पाश्चात्य भाषाविज्ञान की परंपरा व विकास के संदर्भ में मध्यकाल की भूमिका पर टिप्पणी लिखिए.

41. टैग्मीमिक्स और सिस्टिमिक व्याकरण पर टिप्पणी लिखिए.

42. प्रतीक विज्ञान का विवेचन कीजिए.

43. स्वर और व्यंजन ध्वनियाँ किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए.

44. ध्वनि परिवर्तन के कारणों पर टिप्पणी लिखिए.

45. ध्वनि नियम से क्या तात्पर्य है? बर्नर के ध्वनि नियम का परिचय दीजिए.

46. संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए.

47. ध्वनि परिवर्तन की दिशा में समीकरण का क्या महत्व है? सोदाहरण विवेचन कीजिए.

48. मानस्वर किसे कहते हैं?

49. अनुनासिकता पर टिप्पणी लिखिए.

50. स्वनिम के वितरण के संदर्भ में प्रचलित तीन सूत्रों का विवेचन कीजिए.

51. स्वनिम के अध्ययन में सहायक वितरण सिद्धांत पर प्रकाश डालिए.

52. स्वनिम की परिभाषाओं को स्पष्ट कीजिए.

53. ध्वनि उच्चारण के संदर्भ में संगम किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए.

54. आघात से क्या तात्पर्य है?

55. रूपिम और संरूप का अंतर स्पष्ट कीजिए.

56. अर्थतत्व और संबंधतत्व किसे कहते हैं? उदाहरण सहित रेखांकित कीजिए.

57. रूपस्वनिम विज्ञान किसे कहते हैं?

58. रूपिम के भेदों पर प्रकाश डालिए.

59. शब्द और रूप किसे कहते हैं? विवेचन कीजिए.

60. रूप परिवर्तन की दिशाओं का संक्षिप्त विवेचन कीजिए.

61. वाक्य संरचना की दृष्टि से बाह्य तथा गहन संरचना में क्या अंतर है?

62. व्याकरणिक इकाई के रूप में वाक्य की अवधारणा पर प्रकाश डालिए.

63. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकारों का सोदाहरण विवेचन कीजिए.

64. वाक्य संरचना के स्तर पर उपवाक्य और पदबंध का विवेचन कीजिए.

65. नॉम चॉम्स्की की मान्यताओं पर प्रकाश डालिए.

66. भाषा व्यवस्था और भाषा व्यवहार पर सस्यूर की मान्यताओं को रेखांकित कीजिए.

67. अर्थ विज्ञान के अध्ययन के उद्देश्य को रेखांकित कीजिए.

68. शब्द और अर्थ के बीच निहित संबंध को पुष्ट कीजिए.

69. अर्थ की अवधारणा पर टिप्पणी लिखिए.

70. पाश्चात्य विद्वानों ने अर्थबोध के कौन-कौन से साधन माने हैं?

71. अर्थादेश किसे कहते हैं? उसके भेदों का संक्षिप्त परिचय दीजिए.

72. अर्थ परिवर्तन की दृष्टि से लाक्षणिक प्रयोग पर प्रकाश डालिए.

73. भाषा और लिपि के पारस्परिक संबंध पर टिप्पणी लिखिए.

74. ब्राह्मी लिपि और खरोष्ठी लिपि की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.

75. चित्र लिपि किसे कहते हैं? उसकी सीमाओं पर प्रकाश डालिए.

76. ध्वन्यात्मक प्रतिलेखन का आशय स्पष्ट करें.

77. देवनागरी लिपि की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

78. देवनागरी के नामकरण पर प्रकाश डालिए.

79. संकर शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए.

80. व्युत्पत्ति की दृष्टि से शब्द कितने प्रकार के हैं?

81. उपसर्ग किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए.

82. प्रत्यय किसे कहते हैं? प्रत्यय के भेदों का सोदाहरण विवेचन कीजिए.

83. समास किसे कहते हैं? तत्पुरुष और अव्ययीभाव समास का सोदाहरण विवेचन कीजिए.

84. विदेशी शब्द किसे कहते हैं? हिंदी में प्रयुक्त विदेशी शब्दों पर प्रकाश डालिए.

85. भाषा परिवार की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि इसकी तुलना किससे की जाती है?

86. विश्व के भाषा परिवारों को कितने भाषा खंडों में विभाजित किया जाता है? किसी एक खंड के परिवारों के नामोल्लेख कीजिए.

87. केल्टिक परिवार की भाषाएँ ह्रासोन्मुख क्यों हो जाती हैं?

88. चीनी-तिब्बती परिवार की विशेषताएँ बताइए.

89. सूडानी परिवार की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

90. काकेशीय परिवार की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.

91. केंतुम शाखा में विश्व की कौन-कौन सी भाषाएँ आती हैं?

92. इटालिक उप-परिवार की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

93. बालतो-स्लाविक उप-परवार की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.

94. भारतीय उप-शाखा की भाषाओं पर टिप्पणी लिखिए.

95. भारोपीय भाषाओं का क्षेत्र निर्धारित कीजिए.

96. हित्ती परिवार की भाषिक विशेषताओँ का विवेचन कीजिए.

97. पालि और प्राकृत के बीच निहित मूलभूत अंतर को स्पष्ट कीजिए

98. वैदिक और लौकिक संस्कृत के बीच निहित मूलभूत अंतर क्या है?

99. अपभ्रंश की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

100. शौरसेनी प्राकृत पर प्रकाश डालिए.

101. पालि की विशेषताओं को स्पष्ट करते हुए सरलीकरण की प्रवृत्ति का विवेचन कीजिए.

102. अपभ्रंश के क्रिया रूपों का परिचय दीजिए.

103. बांग्ला भाषा की ध्वन्यात्मक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

104. पश्चिमी हिंदी की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए.

105. बिहारी हिंदी पर टिप्पणी लिखिए.

106. हरदेव बाहरी ने आधुनिक आर्य भाषाओं को कितने वर्गों में बाँटा है? संक्षिप्त परिचय दीजिए.

107. पूर्वी हिंदी की क्रिया संरचना पर प्रकाश डालिए.

108. मैथिलि भाषा की व्याकरणिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

109. पश्चिमी हिंदी की बोलियों का नामोल्लेख करते हुए खड़ीबोली का संक्षिप्त परिचय दीजिए.

110. दक्खिनी हिंदी की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

111. पहाड़ी हिंदी के अंतर्गत कितनी बोलियाँ सम्मिलित हैं? गढ़वाली की ध्वन्यात्मक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.

112. बांगरू की विशेषताओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए.

113. व्याकरणिक दृष्टि से कन्नौजी और ब्रजभाषा में निहित अंतर स्पष्ट कीजिए.

114. बुंदेलखंडी की व्याकरणिक विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए.

115. भारत सरकार की द्विभाषा नीति और त्रिभाषा नीति का आशय स्पष्ट कीजिए.

116. राजभाषा और राष्ट्रभाषा के बीच निहित अंतर को स्पष्ट कीजिए.

117. संविधान में राजभाषा विषयक निर्देशों का संक्षिप्त विवेचन कीजिए.

118. राजभाषा और सहराजभाषा से क्या तात्पर्य है?

119. मीडिया की भाषा के रूप में हिंदी का विकास कैसे हो रहा है? इस पर अपना मत प्रकट कीजिए.

120. राष्ट्रभाषा की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए.

121. संविधान के राजभाषा विषयक उपबंध कौन-कौन से हैं?

122. अनुच्छेद 343 के अंतर्गत कौन-कौन से उपबंध हैं?

123. अनुच्छेद 351 की व्याख्या कीजिए.

124. ‘क’, ‘ख’ और ‘ग’ क्षेत्र से क्या तात्पर्य है? इनके अंतर्गत कौन-कौन से राज्य सम्मिलित हैं?

125. राजभाषा संकल्प पर टिप्पणी लिखिए.

126. राष्ट्रपति के 1960 के आदेश पर टिप्पणी लिखिए.

127. भाषा शिक्षण में मातृभाषा के महत्व को रेखांकित कीजिए.

128. भाषा शिक्षण की प्रमुख विधियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए.

129. मनोभाषाविज्ञान के कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं पर प्रकाश डालिए.

130. कोष कार्य के प्रमुख चरणों को स्पष्ट कीजिए.

131. त्रुटि विश्लेषण पर प्रकाश डालिए.

132. अनुवाद करते समय अनुवादक के समक्ष उपस्थित होने वाली समस्याओं का विवेचन कीजिए.

133. शिक्षण का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.

134. भाषा शिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए.

135. भाषा शिक्षण में वेस्ट की पद्धति या नवीन विधि पर टिप्पणी लिखिए.

136. भाषा शिक्षण में दृश्य-श्रव्य माध्यमों की उपादेयता को रेखांकित कीजिए.

137. वर्तनी संबंधी सावधानियों पर प्रकाश डालिए.

138. वाचन शिक्षण विधियों पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डालिए.

139. शैली विज्ञान किसे कहते हैं? उसके अध्ययन क्षेत्र पर प्रकाश डालिए.

140. चैटमैन द्वारा प्रतिपादित शैली के चार पक्षों का विवेचन कीजिए.

141. शैली एवं शैली विज्ञान के उद्भव एवं विकास के संदर्भ में संस्कृत काव्यशास्त्रीय दृष्टि का विवेचन कीजिए.

142. शैली के संबंध में रूसी रूपवादियों की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए.

143. फ्रांसीसी शैली विज्ञान के मूल बिंदुओं पर प्रकाश डालिए.

144. शैली विज्ञान विषयक दामासो द्वारा प्रतिपादित स्थापनाओं का विवेचन कीजिए.

145. संश्लेषण का आशय स्पष्ट कीजिए.

146. शैली विज्ञान में अग्रप्रस्तुति का क्या आशय है?

147. विरलता किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए.

148. समाजविज्ञान और शैली विज्ञान के अंतःसंबंध को रेखांकित कीजिए.

149. पाठ आधारित समानांतरण किसे कहते हैं?

150. अर्थस्तरीय विचलन का क्या महत्व है?